सर्दी में स्टॉर्मवॉटर तालाबों से दूर रहें

बर्फ पतली और असुरक्षित होती है

- बर्फ की असुरक्षित स्थिति के कोई स्पष्ट संकेत नहीं भी हो सकते हैं।
- स्नो, बर्फ में सुराखों और दरारों को छुपा सकती है।
- पानी का लगातार प्रवाह और पानी के बदलते लेवल, बर्फ को कमज़ोर बनाकर उसमें दरारें पैदा कर सकते हैं।

स्टॉर्मवाटर तालाबों के पास सुरक्षित कैसे रहें

- स्टॉर्मवॉटर तालाबों पर स्केटिंग, स्लेड न करें और न ही उन पर चलें।
- बच्चों और पालतू जानवरों को बर्फ से दूर रखें।
- तालाब के पास चलते समय निर्धारित रास्तों पर ही रहें।
- जानें कि लाइफसेविंग उपकरण कहां स्थित है।
- किसी भी गायब लाइफसेविंग उपकरण की 311 पर रिपोर्ट करें।

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के आइस रिंक्स (ICE RINKS) पर स्केटिंग करें!

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन में बहुत-से कम्युनिटी रिंक्स हैं, जो पूरे ब्रैम्पटन में उपलब्ध हैं।

अधिक जानकारी के लिए, हमारे आउटडोर स्केटिंग (Outdoor Skating) वेबपेज पर जाएं

स्कैन मी

311

brampton.ca

BRAMPTON

स्टॉर्मवाटर तालाब संबंधी सुरक्षा

स्टॉर्मवाटर तालाब आपको, आपके घर, आपके आस-पड़ोस और पर्यावरण को स्टॉर्मवाटर रनऑफ से होने वाले नुकसान से बचाने में मदद करते हैं।

स्टॉर्मवाटर तालाब क्या है?

- वे आस-पास के घरों, सड़कों, ड्राइववे, पार्किंग स्थल से स्टॉर्मवाटर रनऑफ और स्नोमेल्ट को एकत्र करके रोकते हैं।
- तालाब में जाने वाला स्टॉर्मवाटर रनऑफ और स्नोमेल्ट कई चीज़ों को साथ लेता है, जैसे सड़क का नमक, रेत, पालतू जानवरों का कूड़ा-कर्कट, एंटीफ्रीज़, मोटर तेल, डिटर्जेंट और कूड़ा।
- तालाब में आने वाला प्रदूषक, तालाब के निचले तल में बैठ सकता है।
- तालाब के ऊपरी हिस्से के साफ पानी को हमारी नदियों और स्ट्रीम्स में छोड़ा जाता है।
- स्टॉर्मवाटर तालाब, बाढ़ और कटाव को रोकने के लिए पानी को धीरे-धीरे छोड़ते हैं।
- पेड़ों, झाड़ियों, प्राकृतिक क्षेत्रों, पैदल मार्गों और बैठने के प्लेटफार्मों के साथ स्टॉर्मवाटर तालाबों की प्राकृतिक सुंदरता में वृद्धि होती है ताकि निवासी और आगंतुक (विज़िटर्स) दृश्य का आनंद ले सकें।

सिटी क्या करती है?

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन में 180 से अधिक स्टॉर्मवाटर तालाब हैं, जो आपकी और पर्यावरण की रक्षा करने में मदद करते हैं। सिटी निम्नलिखित कार्यों के द्वारा इन तालाबों का रखरखाव करती है:

- नीचे की मैल हटाना
- सुरक्षित होने पर तालाब में और इसके आसपास का मलबा हटाना
- आक्रामक वनस्पति हटाना
- गेट्स और वाल्वस जैसे स्ट्रक्चर्स का रखरखाव करना
- आसपास की वनस्पति और पौधों का रखरखाव करना
- वनस्पति बदलना
- कटाव को रोकने के लिए किनारों को स्थिर बनाना
- तालाबों का निरीक्षण करना

आप क्या कर सकते हैं?

- साइन बोर्डों के मुताबिक चलें
- स्टॉर्मवाटर तालाबों से दूर और इनसे बाहर रहें
- तटरेखा से दूर रहें
- एमरजेंसी की स्थिति में, 911 पर फोन करें
- iOs और Android के लिए what3words मुफ्त मोबाइल ऐप डाउनलोड करें

स्कैन मी